भास्कर खास • आईआईएम रांची व ईडीआईआई अहमदाबाद के बीच हुआ ऑनलाइन एमओयू

छात्रों में उद्यमिता और प्रबंधकीय गुण विकसित करने के लिए आईआईएम रांची में इन्कयूबेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा

सिटी रिपोर्टर | रांची

झारखंड में एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को आईआईएम रांची और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) अहमदाबाद के बीच ऑनलाइन एमओयू हुआ। इससे स्टूडेंट्स की एंटरप्रेन्योरशिप प्लानिंग को बढ़ावा मिलेगा। एमओयू के तहत रांची स्थित आईआईएम परिसर में ईडीआईआई अहमदाबाद इन्कयूबेशन सेंटर स्थापित करने में तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। दोनों संस्थान मिल कर एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट व स्किल इनहान्समेंट पर सर्टिफिकेट कोर्स भी विकसित करेंगे। इसके अलावा स्टूडेंट एक्सचेंज व फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम होंगे।

वही व्यवसाय टिकेंगे जिनमें तबाही झेलने की क्षमता होगी : डॉ. शुक्ला

ईडीआईआई के डायरेक्टर जेनरल डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि वर्तमान और आने वाला समय केवल उन्हीं व्यवसायों का पोषण करेगा, जो दूरदर्शी और ज्ञान आधारित हैं। संकटों और बड़ी तबाही झेलने की क्षमता रखते हैं। यह कोलाबरेशन रचनात्मक उद्यमिता को बढ़ावा देगा। हमारे युवाओं को उद्यमशीलता और प्रबंधन में बेहतर रूप से तैयार करेगा।

इस मौके पर ईडीआईआई के डायरेक्टर जेनरल डॉ. सुनील शुक्ला, आईआईएम रांची के डायरेक्टर प्रो. शैलेंद्र सिंह व अन्य मौजूद थे।

Dainik Bhaskar, 23.05.2020, Pg. 02